अग्निवीर क्षैतिज आरक्षण नियमावली, 2025

चर्चा में क्यों?

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने **NCERT** के 65वें स्थापना दिवस पर अनेक पहलों का शुभारंभ किया। उन्होंने संस्थान से **शिक्षा के प्रति सुधारोन्मुख एवं प्रौद्योगिकी-आधारित दृष्टिकोण** अपनाने का आह्वान किया।

मुख्य बिंदु

शुभारंभ की गई प्रमुख पहलें:

- **पीएम ई-विद्या मोबाइल एप्लिकेशन:**
  - यह पीएम ई-विद्या के अंतर्गत सभी प्रमुख डिजिटल एवं प्रसारण पहलों तक पहुँच हेतु एक केंद्रीकृत पोर्टल है, जिसे BISAG-N के सहयोग से विकसित किया गया है।
- **दीक्षा 2.0** :
  - इसमें संरचित पाठ, अनुकूली मूल्यांकन, प्रदर्शन फीडबैक, चर्चा मंच और **एआई** उपकरण जैसे रीड अलाउड, क्लोज्ड कैप्शन तथा 12 भाषाओं में पाठ फाइलों का अनुवाद शामिल है।
- **प्रशस्त 2.0:**
  - यह एक **पूर्व-मूल्यांकन समग्र स्क्रीनिंग टूल है** जो दिव्यांग बच्चों की शीघ्र पहचान के लिये मोबाइल और वेब प्लेटफॉर्म को उन्नत करता है।
- **किताब एक पढ़े अनेक** :
  - **राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020** के अनुरूप यह पहल **यूनिवर्सल डिज़ाइन ऑफ़ लर्निंग (UDL) आधारित** सुलभ डिजिटल एवं मुद्रित पाठ्यपुस्तकों के निर्माण पर केंद्रित है। इसका उद्देश्य **समावेशी कक्षाओं की स्थापना करना** है, जिससे विशेषकर दिव्यांगजन छात्रों एवं सामाजिक-आर्थिक रूप से वंचित वर्गों के बच्चों को लाभ मिल सके।
- **उत्कल जननींकर सुजोग्य संतान :**
  - **यह पुस्तक ओडिशा के 100 महान व्यक्तित्वों** के जीवन और योगदान पर आधारित है, जिन्होंने आधुनिक ओडिशा के विकास में योगदान दिया तथा **राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन में भी भाग लिया।**

NCERT (राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद)

- **स्थापना:** 1 सितंबर 1961
- **मुख्यालय:** नई दिल्ली
- **उद्देश्य: भारत सरकार के अधीन** एक **स्वायत्त संगठन के रूप में** , यह विद्यालयी शिक्षा से संबंधित शैक्षणिक मामलों पर केंद्र और राज्य सरकारों को सहायता तथा सलाह देता है।
- **कार्य:** पाठ्यपुस्तकें, शिक्षण-अधिगम सामग्री और **नवीन शैक्षणिक उपकरण विकसित करना,** साथ ही अनुसंधान, प्रशिक्षण तथा क्षमता निर्माण कार्यक्रम भी संचालित करना।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/agniveer-horizontal-reservation-rules-2025-1